
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 22 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**हिजाब इस्लाम का अभिन्न हिस्सा नहीं



देहरादून, बृहस्पतिवार, 21 अप्रैल 2022

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

41243.40

**2** राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा पंच

**7** कोहली के खराब प्रदर्शन पर शास्त्री की सलाह

# मेक इन इंडिया का हिस्सा बनेगा दाहोद

## 'आदिजाति महासम्मेलन' में पहुंचे पीएम, कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दाहोद। पीएम मोदी ने बुधवार को एक आदिवासी महासम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की नींव रखी। इसमें दाहोद में रेलवे उत्पादन इकाई में नौ हजार हार्स पावर के इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण की परियोजना भी शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि दाहोद अब मेक इन इंडिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां एक प्राचीन कहावत है कि हम जहां रहते हैं उसका हमारे जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। मेरे सार्वजनिक जीवन के प्रारंभिक कालखंड में उमरगांव से अम्बा जी तक आदिवासी भाइयों का

**कई परियोजनाओं की रखी आधारशिला**

पीएम मोदी ने कहा कि आज दाहोद और पंचमहाल के विकास से जुड़ी 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं में एक पेयजल से जुड़ी योजना भी शामिल है।

क्षेत्र मेरा कार्यक्षेत्र था। आदिवासियों के बीच रहना, उनसे सीखना और समझना मैंने जाना है। मैं सर झुकाकर कह सकता हूं कि भारत का कोई भी आदिवासी क्षेत्र हो वहां आदिवासी भाई–बहनों का जीवन पानी जितना पवित्र होता है।

दूसरी दाहोद को स्मार्ट सिटी बनाने से जुड़ी परियोजना है। पानी की इस परियोजना से दाहोद के सैंकड़ों गांवों की माताओं बहनों का जीवन बहुत आसान होने जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि दाहोद अब मेक इन इंडिया का भी बहुत बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। गुलामी के दौर में यहां स्टीम लोकोमोटिव के लिए एक वर्कशाप थी अब वह मेक इन इंडिया को गति



**तेजी से हो रहा भारतीय रेल का विद्युतीकरण**

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारतीय रेल का तेजी से विद्युतीकरण हो रहा है। यह आधुनिक हो रही है। मालगाड़ियों के लिए अलग रास्ते बनाए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक इंजनों की विदेशों में तेजी से मांग बढ़ रही है जिसे पूरा करने में दाहोद बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। इस नए कारखाने की स्थापना से हजारों लोगों को काम मिलेगा।

देगी। दाहोद में 20 हजार करोड़ रुपये का कारखाना लगने जा रहा है। मेक इन इंडिया के साथ अब भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है जो नौ हजार हार्स पावर के शक्तिशाली इंजनों का निर्माण करते हैं।

इससे पहले पीएम मोदी ने गुजरात के महात्मा मंदिर में तीन दिवसीय वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही पारंपरिक औषधि उत्पादों को मान्यता देने के लिए आयुष चिह्न जारी करेगा। पीएम मोदी ने बताया कि यह आयुष चिह्न देश के आयुष उत्पादों की गुणवत्ता को प्रामाणिकता प्रदान करेगा। इतना ही नहीं भारत जल्द उन लोगों के लिए आयुष वीजा जारी करेगा जो पारंपरिक तरीकों से इलाज कराने भारत आते हैं।

### पीएम मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा, एक तीर से साधेंगे कई निशाने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 अप्रैल को प्रस्तावित जम्मू–कश्मीर यात्रा को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पीएम मोदी, सांबा जिले के पल्ली गांव में पहुंचेंगे। इस गांव को कार्बन मुक्त सौर पंचायत होने का दर्जा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी, यहीं से जम्मू–कश्मीर के तीस हजार से अधिक पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को संबोधित करेंगे। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि पीएम अपने इस दौरे से एक तीर से कई लक्ष्य साधेंगे। पड़ोसी मुल्क श्पाकिस्तानश को अनुच्छेद 370 की समाप्ति का फायदा बताएंगे। साथ ही दुनिया के वे देश, जो अनुच्छेद 370 की समाप्ति को संदेह की नजर से देख रहे थे, उन्हें भी जवाब दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लान्च हुई आईएनएस वागशीर पनडुब्बी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मुंबई में आईएनएस वागशीर प्रोजेक्ट–75 की स्कार्पीन श्रेणी की अंतिम पनडुब्बियों को लांच किया गया। इस मौके पर रक्षा सचिव अजय कुमार भी मौजूद रहे। रक्षा सचिव अजय कुमार ने बताया कि आईएनएस वागशीर का अब समुद्री परीक्षण होगा और बाद में इसे चालू किया जाएगा। इस पनडुब्बी का लांच भारत के आत्मनिर्भर बनने का एक उदाहरण है।

### एमसीडी के बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट का ब्रेक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के जहांगीरपुरी में अतिक्रमण के खिलाफ एमसीडी की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। अब इस मामले में गुरुवार को फिर सुनवाई होगी।

# भारत में कोरोना वायरस की 'आर वैल्यू' एक से अधिक हुई

## आईसीएमआर के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक बोले, ये चौथी लहर नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चेन्नई के इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिकल साइंसेज के शोधार्थी सिताभ्रा सिन्हा ने कहा है कि कोविड के लिए भारत के प्रभावी रिप्रोडक्शन नंबर (आर) जनवरी के बाद से पहली बार एक से अधिक हो गया है। सिन्हा के अनुसार पिछले कुछ सप्ताहों से देश की आर वैल्यू में लगातार तेजी आई है। 12 से 18 अप्रैल के बीच यह 1.07 थी। वहीं, पांच से 11 अप्रैल के बीच यह 0.93 थी।

सिन्हा ने कहा कि पिछली बार आर वैल्यू एक से अधिक 16 से 22 जनवरी के बीच के सप्ताह में दर्ज की गई थी। तब यह वैल्यू 1.28 थी। कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत से ही आर वैल्यू पर नजर रख रहे सिताभ्रा सिन्हा ने आगे कहा कि आर वैल्यू में यह इजाफा केवल नई दिल्ली की वजह से नहीं है। इसके लिए

**क्या होती है आर वैल्यू**

एक संक्रमित व्यक्ति औसतन कितने लोगों को संक्रमित कर रहा है, इसी के आधार पर आर वैल्यू तय की जाती है। इसी से वायरस के प्रसार की गति का भी पता लगाया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार आर वैल्यू का बढ़ना एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है। किसी स्थान पर आर वैल्यू एक से कम होने का मतलब है कि वायरस के फैलने की गति वहां पर धीमी हो गई है।

उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्य भी जिम्मेदार हैं।

**एक से 10 जनवरी के बीच तीन के पास पहुंच गई थी आर वैल्यू:** इस साल देश में आर वैल्यू सबसे अधिक एक से 10 जनवरी के बीच थी। तब देश कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट की वजह से आई महामारी की तीसरी लहर का सामना कर रहा था और आर वैल्यू 2.98 हो गई थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक दिन में कोरोना के 2067 नए मामले मिले हैं, जिसके बाद कुल मामलों की संख्या 4.3 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अलावा देश में सक्रिय मामलों की संख्या अब 12,340 हो गई है।

उधर, आईसीएमआर के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रमन आर गंगाखेड़कर ने देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में आई हालिया तेजी को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह चौथी लहर है। बीए.2 वैरिएंट पूरी दुनिया में लोगों को प्रभावित कर रहा है।

# राहुल गांधी खुद नफरत की राजनीति के बोते है बीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के दंगा प्रभावित इलाकों और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में दंगाइयों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बयानबाजी को लेकर भाजपा ने जमकर लताड़ा है। सत्तारूढ़ दल भाजपा ने राहुल पर देश की छवि को धूमिल करने और नफरत के बीज बोने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'नफरत के बुलडोजर बंद करने' वाले बयान का जवाब दिया। राहुल गांधी द्वारा किए गए ट्वीट पर पलटवार करते संवाददाता सम्मेलन के दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी खुद नफरत की राजनीति के बीज बोते हैं।

दरअसल, मामला यह है कि जहांगीरपुरी के हिंसाग्रस्त इलाके में बुलडोजर चलाए जाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा था कि भारत के पास सिर्फ आठ दिनों के कोयले का भंडार शेष है। उन्होंने

**पलटवार**

■बुलडोजर वाले बयान पर अनुराग ठाकुर का पलटवार

आगे लिखा कि मोदी सरकार नफरत के बुलडोजर चलाना बंद करे और पॉवर प्लांट को शुरू करे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने जहांगीरपुरी में अतिक्रमण के बाद एमसीडी की कार्वाई पर रोक लगा दी है।

राहुल गांधी ने ट्वीट में आगे लिखा कि आठ साल की बड़ी चर्चा के परिणामस्वरूप भारत के पास केवल आठ दिनों का कोयला भंडार है। मोदी जी, मुद्रास्फीति की दर कम हो रही है। बिजली कटौती छोटे उद्योगों को कुचल देगी, जिससे अधिक रोजगार का नुकसान होगा। नफरत के बुलडोजर बंद करें और बिजली संयंत्रों को चालू करें। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जिसका अपना इतिहास अपने आप में भ्रष्टाचार और दंगों का सबूत है, आप उससे ऐसे बयानों की ही उम्मीद कर सकते हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पहाड़ से मैदान तक रिकार्ड तोड़ गर्मी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उत्तर भारत में पिछले कई दिनों से जारी तेज गर्मी के बीच लोगों को आज मामूली राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली में मौसम बदल सकता है। दिल्ली, असम, मेघालय और आस–पास के राज्यों में आज झमाझम बारिश की संभावना है।

उत्तराखंड में चटक धूप से मैदानी

**तेज अंधड़ के साथ बारिश दे सकती है राहत**

क्षेत्रों में भीषण गर्मी का प्रकोप बना है। पारे के शीर्ष पर पहुंचने से जनजीवन प्रभावित है। मंगलवार अब तक इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। जबकि, अप्रैल में पारे ने पुराने रिकार्ड ध्वस्त करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। बीते 13 वर्षों में यह अप्रैल सबसे गर्म बीत रहा है। ज्यादातर मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके अलावा गुरुवार का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। दोनों दिन हल्की बारिश हो सकती है।